राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल ने 74 वें गणतंत्र दिवस पर राजभवन में झण्डा फहराया

जयपुर, 26 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 74 वें गणतंत्र दिवस पर गुरूवार को राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धा नमन किया। उन्होंने इस मौके पर देश की सर्वांगीण प्रगति के लिए सभी से साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

इसके बाद राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए मिठाई भी बांटी। उन्होंने राजभवन राजकीय विद्यालय के बालक—बालिकाओं को भी मिठाई वितरित की। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

————